

# हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद ज़फ़ीरुद्दीन मिफ़ताही

मुफ़्ती मुहम्मद ज़फ़ीरुद्दीन मिफ़ताही की पैदाइश 7 मार्च सन् 1926 ई0 को ज़िला दरभंगा बिहार में हुई थी और निधन 31 मपर्च सन् 2011 ई0 को हुई। प्रारंभिक शिक्षा मदरसा महमुदिया राजपूर नेपाल में हुई माध्यमिक शिक्षा मदरसा वारिसुल उलूम छपरा बिहार में, और उच्च शिक्षा जामिया मिफ़ताहुल उलूम मऊ यू0पी0 में हुई। आपके प्रसिद्ध गुरुओं में मौलाना अब्दुल रहमान (अमीरे शरीयत ख़ामिस), मौलाना अब्दुल लतीफ़ नोमानी और मौलाना हबीबुर रहमान आज़मी रह0 हैं।

मिफ़्ताहुल उलूम से शिक्षा प्राप्त के पश्चात वहीं शिक्षक नियुक्ति हुए। माअदिनुल इल्म निगराम लखनऊ, तालीमुद्दीन डाभेल और दारुल उलूम मोईनिया सानेहा ज़िला बेगूसराय में अध्यापन के कार्य में व्यस्त रहे।

सन् 1956 ई0 में हज़रत क़ारी मुहम्मद तैय्यब साहब रह0 ने दारुल उलूम देवबन्द में लाईब्रेरियन के पद पर नियुक्ति रहे इसी अवधि में आपने फ़तावा दारुल उलूम की बारह जिल्दें पूरी कीं। इन्हीं कार्यों और विशेषताओं के कारण शूरा के सदस्यों ने दारुल इफ़्ता दारुल उलूम में मुफ़्ती के पद पर नियुक्त किया। आपने दारुल उलूम में 55 वर्षों तक सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान की। दारुल इफ़्ता में एक लाख फ़तावा लिखकर रिकार्ड स्थापित किया।

## एकेडमी के सभापतिः

हज़रत क़ाज़ी मुजाहिदुल इस्लाम क़ासमी रह0 के निधन के पश्चात जब हैदराबाद में निर्वाचन सभा का आयोजन हुआ तो माह जून सन 2004 ई0 में सभी की सहमति से इस्लामिक फ़िक़्ह एकेडमी का अध्यक्ष चुना गया और सन 2011 ई0 तक सभापति रहे।

☆☆☆